उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार, पिन कोड–249404

संख्या :: 121/17/E-2/सं0र0अ0अधी0से0 / 2019–20 दिनाँक : 04 अगस्त, 2022

विज्ञप्ति
सम्मिलित राज्य (सिविल) अवर अधीनस्थ सेवा (मुख्य) परीक्षा–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सम्मिलित राज्य (सिविल) अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021 हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्याःA-2/E-2/lowerSubordinate/2021, दिनांक 09 अगस्त, 2021 के सापेक्ष दिनांक 12.12.2021 को आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम, विज्ञप्ति संख्या–79 / 20 / गोपन–02 / अ0अधी0 / (प्रा0)–2021 / 2021–22 दिनांक 24 फरवरी, 2022 द्वारा घोषित किया गया है।

2–उक्त परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सफल घोषित किये गये अभ्यर्थियों को विज्ञप्ति **संख्या–316 दिनांक 04 मार्च, 2022** के अनुक्रम में आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि (25.03.2022) तक मुख्य परीक्षा हेतु पदों की वरीयता सूची (Prefence Sheet) एवं परीक्षा केन्द्र का चयन करते हुए, मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन–पत्र व समस्त अभिलेख आयोग कार्यालय में जमा करने का अवसर प्रदान किया गया था।

3–उपरोक्त विज्ञप्ति के सापेक्ष निर्धारित अंतिम तिथि तक वरीयता सूची व परीक्षा केन्द्र का चयन करते हुए ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने व अभिलेख जमा करने तक की प्रक्रिया पूर्ण नहीं करने के कारण कतिपय अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया गया है। उक्तानुसार अभ्यर्थन निरस्त अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है।

4–सम्मिलित राज्य (सिविल) अवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा–2021 का आयोजन **दिनांक 28.08.2022 को हरिद्वार एवं हल्द्वानी नगर के परीक्षा केन्द्रों पर किया जाना प्रस्तवित है।** मुख्य परीक्षा हेतु औपबन्धिक रूप से अर्ह **अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र दिनांक 13.8.2022 (शनिवार) से आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते है।

Sd/-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव।